# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-143 | सागवाड़ा, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## बेणेश्वर धाम की कलाकृतियों के डिजिटलाइजेशन का कार्य प्रारंभ

**उदयपुर।** लाखों जनजाति जनों की आस्थाओं के केन्द्र बेणेश्वर धाम पर स्थित करीब 400 साल पुरानी कलाकृतियों को संरक्षित करने की दृष्टि से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा की गई पहल रंग लाया रही है।

केंद्र की पहल पर संत मावजी के चौपड़ों के डिजिटलाइजेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।



### रेप्लिका तैयार होंगी

भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद महाराज के आग्रह पर कलाकृतियों के डिजिटलाइजेशन का कार्य शुरू किया गया है और प्रथम चरण में साबला व शेषपुर स्थित संत मावजी के चोपड़े का डिजीटलाईजेशन करते हुए इनकी (रेप्लिका) प्रतिकृतियां तैयार करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनजाति बहुल दक्षिण राजस्थान की कला-संस्कृति अनूठी है, इसके संरक्षण-संवर्धन के लिए प्रयास जरूरी हैं तभी हम इसके वैशिष्ट्य और गौरव को उच्च स्तर तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनजाति आस्था धाम बेणेश्वर पर संत मावजी के हाथों रचित चोपड़े, इन चौपड़ों में उकेरे गए प्राकृतिक रंगों के चित्र और यहां पर किया जाने वाला महारास पूरी दुनिया में अनूठा है। उन्होंने कहा कि डिजीटलाईजेशन के बाद कलाकारों के माध्यम से इसकी प्रतिकृतियां तैयार करवाते हुए शिल्पग्राम में इनकी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### साबला के बाद शेषपुर चोपड़ा होगा डिजिटल

चौपड़ों के डिजिटलाइजेशन कार्य के समन्वयक व उदयपुर के सूचना एवं जनसंपर्क उपनिदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि केंद्र द्वारा गत दिनों टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एक फर्म को इन कलाकृतियों को डिजिटलाइजेशन का कार्यादेश दिया गया है। फर्म द्वारा गत दिनों हरि मंदिर साबला स्थित चोपड़े की फोटोग्राफी की जा चुकी है, अब 28 जनवरी को शेषपुर स्थित चोपड़े की फोटोग्राफी की जायेगी। इन फोटोग्राफ को एडिट करने के बाद प्रदर्शनी के लिए सॉफ्ट व हार्ड कॉपी तैयार की जाएगी। इसके साथ ही एक डिजिटल बुक भी तैयार कर ऑनलाइन उपलब्ध कराने की योजना है।

## करियाणा में रक्तदान शिविर 26 को

**सागवाड़ा।** जिले में रक्तदान जनजागरण को लाने के लिए गांवो के युवाओ द्वारा शिविर के माध्यम से जनजागरूकता लाने का प्रयास कर रहे है। प्रतिवर्ष सागवाड़ा क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस बार फिर से स्व. सुमीत कलाल की स्मृति में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर करियाणा युवा मंडल व सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर करियाणा गाँव मे आयोजित होगा। वही सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में पिछले वर्ष ही करियाणा गांव में 50 यूनिट से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ था जिसमे करियाणा गाँव सहित आसपास के क्षेत्रो के युवाओं ने बढचढ कर रक्तदान शिविर में भाग लिया था। करियाणा गांव में रक्तदान शिविर को लेकर ग्रामीण युवाओ व टीम सपना फाउंडेशन द्वारा सम्बंधित विभागों में कोरोना गाइडलाइन के निर्देशों की पालना और आदेशो के अनुसार तैयारिया पूरी कर ली है। युवाओ द्वारा करियाणा में रक्तदान शिविर के प्रचार प्रसार हेतू सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार आमजन से सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा रही है।

## भेहणा रेलवे स्टेशन पर युवक ने खुद के बेल्ट से फांसी लगाकर की आत्महत्या

### कारणों का नहीं हुआ खुलासा, जीआरपी पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में भेहणा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बैठने के स्टैंड पर एक युवक ने अपने ही बेल्ट से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर लोगो की भीड़ लग गई। वहीं जीआरपी पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है। बिछीवाडा थाने के कनबा चौकी प्रभारी हैड कांस्टेबल पोपटलाल लबाना ने बताया कि मंगलवार सुबह भेहणा रेलवे स्टेशन पर लोगो ने एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ देखा था । लोगों ने इसकी सूचना बिछीवाड़ा थाना पुलिस को दी। सुचना पर मौके पर जाकर देखा तो भेहणा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बैठने वाले स्टैंड पर बेल्ट से एक युवक का शव लटका हुआ था। इधर घटना की सूचना पर डूंगरपुर जीआरपी से एएसआई जवालाल चौधरी मौके पर पंहुचे। घटना के बाद बड़ी संख्या में गांव के लोग इकट्ठे हो गए। युवक के जेब से एक बाइक की आरसी और आधार कार्ड मिला है जिस पर उसका नाम बाबूसिंह सिकरी (27) पुत्र पूरणसिंह सिकरी निवासी जालोंन यूपी का रहने वाला है।

पुलिस ने दस्तावेजो पर लिखे एड्रेस के आधार पर उसके परिवार के लोगो से संपर्क किया। जिस पर सामने आया की मृतक बाबूसिंह डूंगरपुर व गुजरात में कलर करने की मजदूरी का काम करता है । इधर परिजनों से बात होने पर जीआरपी पुलिस ने शव को मौके से उतरवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

परिवार के लोगों के आने के बाद ही शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। वहीं युवक के फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जीआरपी पुरे मामले की जांच कर रही है।

## गुजरात के गांधीनगर में होगा पूर्व सभापति के.के.गुप्ता का सम्मान

### 73वे गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दत्तक लिए गए गावों की स्वच्छता को लेकर होंगे गुप्ता गांधीनगर में सम्मानित * स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य को लेकर गृह मंत्री हर्ष संघवी करेंगे गुप्ता का सम्मान

**डूंगरपुर।** स्वच्छता का पर्याय माने जाने वाले डूंगरपुर शहर के चर्चे विश्व भर में हैं। आज राजस्थान के स्वच्छ भारत अभियान के भाजपा के प्रदेश संयोजक एवं स्माल स्टेप फाउंडेशन के डायरेक्टर के के गुप्ता लेंगे सम्मान। 2015 में गैपसागर की पाल से जब शहर में विकास की क्रांति लाने की पूर्व सभापति के.के.गुप्ता ने हुंकार भरी तो किसी ने नहीं सोचा था कि 5 साल डूंगरपुर की तकदीर में अमित इतिहास रच देंगे। गुजरात के गांधीनगर में आज गृहमंत्री हर्ष संघवी पूर्व सभापति के.के.गुप्ता का 73 वे गणतंत्र दिवस के सम्मान समारोह पर विशेष सम्मान करेंगे। पिछले दो-तीन महीनों में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने के.के.गुप्ता से स्वच्छता को लेकर उनका विजन जाना और प्राथमिकता के साथ डूंगरपुर के स्वच्छता मॉडल को गुजरात में अपनाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता के साथ पर्यटन के नाम पर भी डूंगरपुर मशहूर शहर हैं।



गुजरात की सभी 159 निकायों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत डूंगरपुर सा स्वच्छ बनाएंगे यह मिशन देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का है जो अपने आप में हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्य के विकास मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी को बेहतरीन ढंग से निभाने के बाद स्वच्छता की नींव पर राज्य की ऐतिहासिक तस्वीर को बनाने के लिए स्वच्छता का विजन मुख्य तौर पर काम आएगा गांधीनगर के कुछ गांव में जब सफाई अभियान प्रारंभ किया गया था जिसमें मुख्य रुप से रूपाल बिलेश्वरपुरा रामनगर तीनों गांव में स्वच्छता के अभियान को 9 नवंबर को प्रारंभ किया गया था यह तीनों गांव देश के गृहमंत्री अमित भाई शाह साहब की लोकसभा में थे एवं इन्हे गृहमंत्री द्वारा गोद लिया गया था जिसमे स्माल स्टेप फाउंडेशन द्वारा रूपाल गांव को स्वच्छता का माडल बना दिया गया है ।

जिसमें निरंतर एवं नियमित कचरा उठना तथा गांव के अंदर आमजन को स्वच्छता के बारे में संदेश देकर देश के गृहमंत्री के सपने को साकार करने में हमें सफलता मिली है। सीएम भूपेंद्र भाई पटेल ने डूंगरपुर की तर्ज पर गुजरात को स्वच्छ बनाने की विशेष मंशा जताई हैं।

## महिला के बैग में रखा पर्स पार, पर्स में थे 15 हजार कैश व 2 तोला सोने के कड़े

### बस में साथ में बैठी 2 महिलाओ पर जताया संदेह, पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** उदयपुर के भबराना से बस में डूंगरपुर अपनी बहिन के घर आ रही एक महिला का पर्स उसके बेग से पार हो गया। महिला के पर्स में 15 हजार कैश ओर 2 तोला सोने के कड़े रखे हुए थे। पीड़ित महिला ने बस में साथ में बैठी 2 महिलाओं पर संदेह जताया है। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर महिलाओ की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार भबराना निवासी अंचिता जैन पत्नी चिराग जैन मंगलवार को अपने बेटे जियांश (3) को लेकर डूंगरपुर अपनी बहन विधि जैन के घर आ रही थी। अंचिता भबराना से आसपुर ओर फिर आसपुर से एक ट्रावेल्स की बस में बैठी। पूंजपुर बस स्टैंड पर अंचिता उतरी ओर बेटे के लिए चिप्स जा पैकेट लेकर वापस बस में बैठ गई। उसने पर्स बैग में रख दिया। उसी समय बस में 2 महिलाएं भी चढ़ी, जिसमे से एक महिला उसके बगल की सीट पर आकर बैठ गई, जबकि दूसरी महिला पास की ही दूसरी सीट पर बैठी। अंचिता जैन ने बताया कि डूंगरपुर बस स्टैंड पर आकर वह बेटे को लेकर पहले उतर गई।

इसके बाद ऑटो में बैठकर आदर्श नगर बहन के घर जा रही थी। उसी समय उसने बैग की चैन खुली चोंक गई। बैग से पर्स चोरी हो गया था, जिसमें 15 हजार रुपये कैश और 2 तोला सोने के कड़े रखे हुए थे। महिला ने वापस ऑटो घुमाते हुए बस स्टैंड पंहुची, लेकिन उसके पास बैठी महिला और उसकी साथी वहां से गायब हो गए। अंचिता ने उसके पास बैठी महिला पर ही पर्स चोरी करने का शक जताया है। अंचिता ने इसकी जानकारी ट्रावेल्स के वल्लभराम पाटीदार को दी। उन्होंने कोतवाली पुलिस को बताया, जिस पर कोतवाली से कांस्टेबल जगदीश पंहुचे ओर घटना की जानकारी लेकर सीसीटीवी फूटेज देखना शुरू कर दिया है। इधर कोतवाली पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अब तक महिलाओ का पता नहीं लग सका है और पुलिस जांच कर रही है।

## नियमित हैण्डपम्प मिस्त्री करे गुहार, हमारी भी सुनो सरकार - लम्बे समय से पूरी नहीं हो रही मांगो को लेकर दिया ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले में नियमित हैण्डपम्प मिस्त्री अपनी विभिन्न मांगो को लेकर संघर्ष कर रही है लेकिन सरकार की ओर से उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित हैण्डपम्प मिस्त्रियो ने सागवाडा एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन देकर मांगो को पूरा करने की गुहार लगाई है। डूंगरपुर जिले के सागवाडा हैण्डपम्प मिस्त्री संघ ने आज सागवाडा एसडीएम ऑफिस पहुंचकर हैण्डपम्प मिस्त्रियो की विभिन्न लंबित मांगो को लेकर एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर हैण्डपम्प मिस्त्री संघ के प्रदेश महामंत्री प्रभुलाल यादव ने बताया की डूंगरपुर जिले में आज भी कई गाँवों में हेंडपम्प पेयजल का प्रमुख स्त्रोत है। लेकिन इन हेंडपम्प की सार संभाल करने वाले नियमित हेंडपम्प मिस्त्रियो की सुनने वाला कोई भी नहीं है। उन्होंने बताया की हैण्डपम्प मिस्त्री संघ लम्बे समय से सरकार से हैण्डपम्प मिस्त्रियो की मांगो को पूरा करने की मांग करता आ रहा है। लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया की संघ ने सीएम के नाम दिए गए ज्ञापन में नियमित हैडपम्प मिस्त्री को एक ग्राम पंचायत के हेडपम्प मरम्मत व रख रखाव का कार्य देने , शेष ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित हैडपम्प मिस्त्रियों को सहायक , सविंदाठेका कर्मी के रूप में लगाने , 24 वर्ष से कार्यरत हैडपम्प मिस्त्रियो को हैण्डपम्प फीटर प्रथम व हैण्डपम्प फीटर द्वितीय पद पर पदोन्नति का लाभ देने , औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित हैण्डपम्प मिस्त्रियों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी या बेलदार की वेतन श्रृंखला दी जा रही है उन्हें पद एवं कार्यानुभव के आधार पर हैण्डपम्प फीटर या प्लम्बर द्वितीय की ग्रेड पे में वेतन श्रृंखला देने , पंचायत समिति एवं जलदाय विभाग में कार्यरत हैण्डपम्प मिस्त्री को तकनीकी कर्मचारी का दर्जा देते हुए लिवरेज सुविधाएं एवं धुलाई भत्ता देने तथा हैण्डपम्प संधारण की व्यवस्था जो पंचायतीराज विभाग व जलदाय विभाग दोनों को दे रखी है ।

## राजस्थान में 24 घंटे में कोरोना से 22 मौत

**जयपुर।** राजस्थान में लगातार कोरोना के केस कम हो रहे हैं लेकिन मौतों का आंकड़ा डरा रहा है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 9771 नए संक्रमित केस मिले है। वहीं 24 घंटे के अंदर इस संक्रमण से 22 लोगों की जान चली गई, यानी हर 65 मिनट में एक मौत हुई। राज्य में मंगलवार को सबसे ज्यादा 2140 केस जयपुर में मिले। वहीं जयपुर में मौतों का आंकड़ा अब दो गुना बढ़ गया है। 24 जनवरी को जयपुर में जहां 4 की मौत हुई थी, वहीं मंगलवार को 8 मरीजों ने दम तोड़ा। एक महीने बाद ऐसा हुआ है, जब प्रदेश में रिकवर मरीजों की संख्या संक्रमितों से ज्यादा रही, जिसके कारण एक्टिव केस में भी कमी आई। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखे तो पूरे प्रदेश में आज 71 हजार 893 लोगों की टेस्टिंग की गई, जिसमें से 9771 लोगों के सैंपल पॉजिटिव निकले।

## साबला पंचायत समिति प्रधान व वरिष्ठ लिपिक का नहीं निपटा विवाद

### सप्ताह भर से पंचायत समिति के कार्मिको को चल रहा कार्य बहिष्कार, काम हुए ठप

**साबला।** साबला पंचायत समिति की प्रधान ललिता डिन्डोर व वरिष्ठ लिपिक मितेश भट्ट के बीच हुआ विवाद सप्ताह बीतने के बाद भी नहीं निपटा है। इधर प्रधान द्वारा कार्मिक के साथ किये दुर्व्यवहार के विरोध में पंचायत समिति के कार्मिको ने कार्य बहिष्कार कर रखा है जिसके चलते पंचायत समिति के काम काज ठप पड़े है। जिससे जनता परेशान हो रही है। मामले के अनुसार 18 जनवरी को साबला पंचायत समिति की प्रधान ललिता डिन्डोर और पंचायत समिति के वरिष्ठ लिपिक मितेश भट्ट के बीच पंचायत समिति के ऑफिस में कोई विवाद हुआ था। विवाद के बाद पंचायत समिति की प्रधान ललिता ने साबला थाने में कार्मिक मितेश के खिलाफ साबला थाने में रिपोर्ट देकर बताया था काम के दौरान किसी बात को लेकर वरिष्ठ लिपिक मितेश भट्ट ने उनका जातिगत अपमानित किया। गालीगलोच करते हुए मारपीट की थी। वही दूसरी और वरिष्ठ लिपिक मितेश भट्ट ने भी साबला थाने में प्रधान ललिता के खिलाफ अपशब्द कहने व चप्पल फेककर मारने का आरोप लगाते हुए राजकार्य में बाधा पहुचाने का मामला दर्ज करवाया था।

इधर इस पुरे मामले की जांच एससी-एसटी डिप्टी मनोज सामरिया कर रहे है जिन्होंने अगले दिन पंचायत समिति पहुंचकर प्रधान, वरिष्ठ लिपिक मितेश भट्ट सहित अन्य कार्मिको के बयान भी दर्ज किये थे। वही घटना का विरोध करते हुए कार्मिक मितेश के समर्थन में पंचायत समिति के अन्य कार्मिको ने कार्य बहिष्कार कर दिया था और तभी से पंचायत समिति के कार्मिक कार्य बहिष्कार करते आ रहे है। पंचायत समिति के कार्मिक प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे है। इधर कार्मिको के सप्ताहभर से कार्य बहिष्कार किये जाने से पंचायत समिति का काम-काज ठप पड़ गया है जिससे जनहित व समस्याओं को लेकर आने वाले आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर इस संबंध में विकास अधिकारी राहुल बैरवा ने बताया कि पंचायत समिति से जुड़े सभी कार्य प्रभावित हो रहे है।

## राजस्थान में बर्फीली हवाओं ने कंपकंपाया

**जयपुर।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और वहां से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से राजस्थान समेत तमाम मैदानी राज्यों में पारा गिर गया है। राजस्थान में कोल्ड वेव (शीतलहर) के कारण गंगानगर, चूरू, उदयपुर, कोटा समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान 4-5 डिग्री कम हो गया। मंगलवार को धूप निकली, लेकिन बादल आते-जाते रहे। हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा आज दूसरे दिन भी माइनस में रहा। यहां रात का तापमान -3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ों और मैदानों में ओस की बूंदें बर्फ की तरह जम गईं। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक कोल्ड वेव का असर अगले 2 दिन और बना रह सकता है। प्रदेश में मंगलवार को भी अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा। फतेहपुर, चूरू, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, करौली, अलवर, भीलवाड़ा, सीकर में तापमान 5 डिग्री या उससे भी नीचे दर्ज हुआ। माउंट आबू में आज का न्यूनतम तापमान -3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह हिमाचल के पहाड़ी इलाके कुल्लू, मनाली, शिमला से भी ज्यादा ठंडा रहा। आबू में आज सवेरे जगह-जगह ओस की बूंदें जमी नजर आईं। खुले मैदान, गाड़ियों की छत्तों पर, फूल-पत्ती समेत तमाम जगह बर्फ ही बर्फ जमी थी। बर्फीले मैदान पर सुबह-सुबह पोलो ग्राउंड में खिलाड़ी फुटबॉल खेलते नजर आए। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक अगले 2 दिन राज्य में नॉर्दन विंड का असर रहेगा। इस वजह से गलन भरी ठंड का असर यूं ही बरकरार रहेगा। दिन में मौसम पूरी तरह साफ रहने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी। 28 जनवरी से प्रदेश में कोल्ड वेव का असर कम होने लगेगा और दिन के साथ-साथ रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस, डूंगरपुर उपजिला निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तर पर सम्मानित – महामहिम राज्यपाल द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम में दिया गया सम्मान

**डूंगरपुर।** बाहरवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के वर्चुअल कार्यक्रम में डूंगरपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम कृष्ण पाल सिंह चौहान को निर्वाचन संबंधी श्रेष्ठ कार्यों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी सेवा केन्द्र डूंगरपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने एडीएम चौहान को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया।

इधर, राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शुभम चौधरी ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है मतदान। आवश्यक यह है कि प्रत्येक मतदाता जागरूक होकर अपने पूर्ण विवेक के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा मजबूत लोकतंत्र में अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मत देना केवल अधिकार ही नहीं बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य भी है और इसका पूरे विवके के साथ उपयोग करना चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम कृष्ण पाल सिंह चौहान को निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्यो के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कृत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर चौहान ने बताया कि जिले में मतदाताओं को जोड़ने के क्षेत्र में तथा ईपिक कार्ड में बहुत अच्छा कार्य हुआ है।



उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पुरस्कार मेरी पूरी टीम का पुरस्कार है। इस अवसर पर उन्होंने ईआरो, सुपरवाइजर, बीएलओ तथा प्रत्येक निर्वाचन कार्यो से जुडे कार्मिकों के द्वारा नवीन मतदाताओं को जोड़ने, संशोधन करने, हटाने, ऑनलाइन डाटा आदि सभी में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए सराहना की।

### ये हुए जिला स्तर पर सम्मानित

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सुपरवाइजर एव बीएलओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसमें सुपरवाइजर रमेश चंद्र ननोमा, अनिल पंचोरी, विमलेश पाटीदार, लोकेश डिंडोर तथा बीएलओ सोमेश्वर मेंणात, अमृतलाल, प्रभुलाल डोडा, सूरजमल मीणा, देवीलाल यादव, प्रदीश पंड्या, सहायक प्रोग्राम राकेश वैष्णव, सूचना सहायक नितिन कुमार, कनिष्ठ सहायक उमेश पाटीदार, सूचना सहायक भरत ननोमा एवं अध्यापक शैलेश जोशी को सम्मानित किया गया वही डूंगरपुर उपखंड स्तर पर अनिल कुमार परमार, गट्टू लाल खराड़ी, नारायण लाल कोटेड, अमित श्रीमाली, दीपक कलाल, इफ्तेखार कुरेशी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।